ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ बीएसएनएल (AUAB)

No: UA/2018/47 23.11.2018

परिपत्र (Circular)

प्रति

सभी जनरल सेक्रेटरीज,
AUAB

कॉमरेड,

AUAB की 20.11.2018 को 16.00 hrs. पर नई दिल्ली में NFTE के कार्यालय में मीटिंग सम्पन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता कॉम चंदेश्वर सिंह, चेयरमैन, AUAB ने की। कॉम पी अभिमन्यु, कन्वेनर, AUAB ने सभी का स्वागत किया और मीटिंग का एजेंडा प्रस्तुत किया।

मीटिंग में उपस्थिति निम्नानुसार रही।

BSNLEU: Com. P. Abhimanyu, GS, Com. Balbir Singh, President, Com.P.Asokababu, Vice President and Com. Animesh Mitra, Vice President.
NFTE: Com. Chandeswar Singh,GS and Com. Islam Ahmed, President.
SNEA: Com. Sebastin, GS and Com. A.A. Khan, President.
AIBSNLEA: Com. Prahlad Rai, GS and Com. Sivakumar, President.
AIGETOA: Com. Ravi Shil Verma, GS and Com. B.K. Mehta, Vice President.
BSNL MS: Com. Suresh Kumar, GS and Com. S.S. Tomar, AGS.
BSNL ATM: Com. Revti Prasad, AGS.
BSNL OA: Com. H.P. Singh, Dy.GS.

मीटिंग में 03.12.2018 से होने वाली हड़ताल प्रभावशाली तरीके से सम्पन्न कराने के लिए रणनीति पर विचार विमर्श हुआ। सर्वानुमति से निम्न निर्णय लिए गए।

(1) ऑल इंडिया टूर प्रोग्राम आयोजित किया जाए, बावजूद इसके कि टूर प्रोग्राम के लिए काफी सीमित समय शेष है। AUAB के घटकों के जनरल सेक्रेटरीज, अन्य सीएचक्यू ऑफिस बेयरर्स को इस टूर प्रोग्राम में शामिल होना चाहिए, सभाओं को संबोधित करना चाहिए।

(2) हमारी डिमांड्स के निराकरण और हमारे आंदोलन की सफलता के लिए जन सहयोग हेतु आम नागरिकों से संपर्क अभियान शुरू किया जाए। प्रत्येक शहर में, गांव में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जाए।

ये नुक्कड़ सभाएं 01.12.2018 से हड़ताल की समाप्ति तक की जा सकती है। विशेषतः सभी एग्जीक्यूटिव्ज और नॉन एग्जीक्यूटिव्ज को हड़ताल के दौरान इन मीटिंग्स में शिरकत करना चाहिए। इन मीटिंग्स में फ्लेक्स बैनर्स, तख्तियां आदि प्रदर्शित हो। आम जनता को बताया जाए कि बीएसएनएल का अस्तित्व क्यों जरूरी है। सरकार की बीएसएनएल विरोधी और निजी समर्थक नीतियों व कार्यक्रम बाबद इन मीटिंग्स के माध्यम से आम जनता के समक्ष हाईलाइट किया जाए।

(3) इन नुक्कड़ सभाओं में हमारी डिमांड्स पर प्रकाश डालते हुए हजारों की संख्या में पर्चे बांटें जाए।

(4) AUAB द्वारा हमारी डिमांड्स पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी की जाए। सभी सेंट्रल ट्रेड यूनियन्स को आंदोलन में उनके सहयोग का अनुरोध करते हुए पत्र लिखा जाए।

(5) 30.11.2018 को परिमंडल व जिला स्तर पर मीटिंग्स आयोजित की जाए। सेंट्रल ट्रेड यूनियन्स, सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट, बैंक, LIC की यूनियन्स व एसोसिएशन्स को आमंत्रित किया जाए, उन्हें हमारे मुद्दों की जानकारी देते हुए आंदोलन में सहयोग का निवेदन किया जाए।

(6) AUAB द्वारा अंग्रेजी और हिंदी में पोस्टर्स डिज़ाइन किए जाएंगे और सभी यूनियन्स व एसोसिएशन्स की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा। हड़ताल के लिए ऐसे ही पोस्टर्स सर्किल और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर स्थानीय भाषा में प्रिंट किए जाएं।

(7) स्ट्राइक नोटिस में शामिल मांगों पर विवरणात्मक नोट (explanatory note) सेक्रेटरी, टेलीकॉम और CMD, BSNL को दिए जाए।

(8) मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधान सभा के चुनाव हैं। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि जिन कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगी है उन्हें स्ट्राइक में शामिल होने की छूट दी जाएगी, किन्तु केवल इलेक्शन ड्यूटी के वास्तविक दिनों के लिए।

Sd/-
कॉम चंदेश्वर सिंह,
चेयरमैन, AUAB

Sd/-
कॉम पी अभिमन्यु,
कन्वेनर, AUAB